कार्यक्रम • छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह सह स्वस्ति मॉनसून उत्सव कार्यक्रम- 2023 का आयोजन किया गया

पूसा कृषि शिक्षा और शोध का एक उद्गम स्थल, यहां की मिट्टी छात्र-छात्राओं को आएगी हमेशा याद : वीसी

छात्रों को काफी मेहनत और ईमानदारी से अपनी पढ़ाई को पूरी करनी चाहिए

भास्कर न्यूज़|पूसा

डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विवि पूसा के विद्यापति सभागार में कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय से जुड़े अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह सह स्वस्ति मॉनसून उत्सव कार्यक्रम 2023 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जहां विवि के कुलपति डॉ. पीएस पांडे ने किया। वहीं इस विदाई सह उत्सव कार्यक्रम में कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय से जुड़े छात्र-छात्राओं ने विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी। इस अवसर पर मौजूद छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. पीएस पांडे ने कहा कि पूसा कृषि शिक्षा और शोध का एक उद्गम स्थल है। यहां की मिट्टी अंतिम वर्ष के छात्रों को हमेशा- हमेशा याद आती रहेगी। बच्चों को दिए गए श्रीमद्भागवत गीता के विषय पर बोलते हुए कुलपति ने कहा कि बच्चों को श्रीमद्भागवत गीता देकर उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देना काफी सराहनीय कदम है।

पुरस्कृत छात्रों के साथ कुलपति व कृषि अभियंत्रण विभाग के डीन।

बच्चों से भविष्य में कृषि के क्षेत्र से ही जुड़कर कार्य करने की अपील की

उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता बच्चों को हमेशा कर्तव्य पथ पर चलते रहने के लिए प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कृषि अभियंत्रण से यूजी पासआउट हुए छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप जहां भी रहेंगे आपको अपना छात्र जीवन हमेशा याद आता रहेगा। उन्होंने बच्चों से भविष्य में कृषि के क्षेत्र से ही जुड़कर कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत आने वाले समय में छात्रों के लिए कई ऐसी परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी जिनकी सूचना छात्रों को परीक्षा में शामिल होने के दौरान ही मिलेगी। मेरी परीक्षा प्रतिदिन होगी इसी सोच के साथ छात्रों को काफी मेहनत और ईमानदारी से अपनी पढ़ाई को पूरी करनी चाहिए।

कृषि अभियंत्रण कॉलेज में काफी कुछ बदलाव आया है : डॉ. अम्बरीष

कार्यक्रम को कृषि अभियंत्रण विभाग के अधिष्ठाता डॉ. अम्बरीष कुमार ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय में काफी कुछ बदलाव आया है। संसाधनों में हुई बढ़ोतरी के कारण आज इस महाविद्यालय में देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे कुल 252 बच्चें पढ़ाई कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान कई बच्चों ने एक से बढ़कर एक गायकी, डांसिंग आदि कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

छात्र-छात्राओं को गीता भेंट की गई

बाद में कुलपति ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को गीता भेंट कर उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मौके पर सभी अधिष्ठाता, निदेशक, वैज्ञानिक व इंजीनियर के अलावे डॉ. एमएस कुंडू, डॉ. एमएन झा, डॉ. पीपी श्रीवास्तव, डॉ. अनिल कुमार सिंह, ई.गौरव राज, उज्ज्वल चौहान, तकनीकी सहायक अभय कुमार, विनीत कुमार, सूचना पदाधिकारी डॉ. कुमार राजवर्धन आदि मौजूद थे।

Dainik Bhaskar 19-07-2023